मुख्य अतिथि द्वारा हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। तदुपरांत निदेशक, आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र द्वारा मुख्य अतिथि व प्रतियोगिताओं की निर्णायक मंडली को स्मृति - चिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कर्नल एस. श्रीधर राव को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर गौरवान्वित किया।

विजेताओं की सूची

क्रम सं	प्रतियोगिता के नाम	हिंदी भाषी	हिंदीतर भाषी
1	निबंध	I. श्री नीलम कुमार, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – प्रथम पुरस्कार 2. श्रीमती शैलबाला खंडूरी, आं.प्र.भू स्था आं.केंद्र – द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3. श्री एम.रामकृष्ण –द.मु.वर्ग 4. श्री शेख मोम्मद साहब –महा. एवं गो. भू स्था आं. केंद्र	1. श्री टी.महारणा - आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – प्रथम पुरस्कार 2. श्री एम. राकेश - आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3. श्री एन. सत्यप्रसाद - महा. एवं गो. भू स्था आं. केंद्र 4. श्रीमती एम. सबिता - आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र
2	हिंदी/ अंग्रेजी में अनुवाद	I. श्री नीलम कुमार, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – प्रथम पुरस्कार	1. श्री एन.रामकृष्ण –द.मु.वर्ग– प्रथम पुरस्कार

		2. श्री नीतीश्वर प्रसाद शाह, भा.मा. एवं प्र. सं– द्वितीय पुरस्कार	2. श्री. ए.शैलेष - आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3.श्रीमती जे.वी.एस.लक्ष्मी- भौ सू.प.एवं सु.सं निदेशालय 4.श्री शेख मोम्मद साहब –महा. एवं गो. भू स्था आं. केंद्र
3	स्वतःस्फूर्त भाषण	I. श्री नीलम कुमार, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र / श्रीमती शैलबाला खंडूरी, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – प्रथम पुरस्कार 2. श्री एस. के मोम्मद साहब,महा. एवं गो. भू स्था आं. केंद्र -द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3. श्री एम. रामकृष्णा – द.मु.वर्ग 4. श्री जीतेंद्र डोरा – द. मु. वर्ग	I. श्री डी. आर. एस. प्रसन्न कुमार, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र –प्रथम पुरस्कार 2. श्री टी. महाराणा आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र -द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3. श्री एम.विजय कुमार - आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र 4. श्री सी.अनिल कुमार – आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र
4	हिंदी में पत्र लेखन	I. श्री नीलम कुमार, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – प्रथम पुरस्कार 2. श्रीमती शैलबाला खंडूरी, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – द्वितीय पुरस्कार	1 श्रीमती एन.वी. कल्याणी, आं. प्र. भू स्था आं. केंद्र - प्रथम पुरस्कार 2. श्रीमती पी. के. प्रतिभा, आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र – द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3. श्री एम.रामकृष्ण –द.मु.वर्ग 4. श्रीमती एम. सबिता आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र
5	श्रुतलेखन	I. श्री बी.के. धावने, द. कु. व– प्रथम पुरस्कार 2. श्री एम.जी. बदकी, द. मु. व – द्वितीय पुरस्कार	1 श्री चिन्ना कोंडैय्या.आं. प्र. भू स्था आं. केंद्र - प्रथम पुरस्कार 2. श्री एस. येसोब, महा. एवं गो.भू स्था आं. केंद्र – द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 3.श्री रमेश बाबू,आं.प्र.भू स्था आं. केंद्र

6	सुलेख	I. श्री बी.के. धावने,द.मु.व.– प्रथम पुरस्कार 2. श्री एम.जी. बदकी, द. मु. व – द्वितीय पुरस्कार सांत्वना 1. श्री चिन्ना कोंडैय्या. आं. प्र. भू स्था आं. केंद्र 2. श्री एस. येसोब, महा. एवं गो. प्र.भू स्था आं. केंद्र

तत्पश्चात श्री प्रसन्नकुमार, सहायक सर्वेक्षक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जलपान के साथ हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह संपन्न हुआ।

मनोरंजन क्लब का वार्षिकोत्सव

आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केंद्र के मनोरंजन क्लब का वार्षिकोत्सव दिनांक 30-06-2015 को सम्मेलन कक्ष में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोरंजन क्लब के अध्यक्ष कर्नल एस. श्रीधर राव, निदेशक, आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केंद्र ने की। इस अवसर पर मंच पर उपाध्यक्ष श्री. बी. एच.राव, अधीक्षक सर्वेक्षक एवं श्री के.के. गुप्ता, अधीक्षक सर्वेक्षक भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरंभ में दिवंगत सदस्यों को श्रदधांजली अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय ने मनोरंजन क्लब के सचिव श्री. डी.आर.एस. प्रसन्न कुमार से वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने प्रस्तुत किया और बाद में 2014-15 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी जिसे आम सहमति से पारित किया गया। कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार ने वर्ष 2014-15 का लेखा- जोखा प्रस्तुत किया जिसे करतल ध्वनि के साथ पारित कर दिया गया।

सचिव श्री प्रसन्न कुमार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि केन्द्रीय मनोरंजन क्लब की प्रतियोगिताओं एवं टी.टी.टी. ए परीक्षाओं के कारण आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केंद्र में आयोजित की जाने वाली खेल कूद प्रतियोगिताओं को समय में पूरा नहीं किया जा सका किन्तु अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार आम सभा के आयोजन के पूर्व सभी प्रतियोगिताओं को संपन्न कर लिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब के सदस्यों के

सहयोग एवं सही मंशा के कारण ही हम अपने क्लब के मृतक सदस्यों के परिवारों को सहायता राशी उपलब्ध कर पाए। प्रत्येक सदस्य ने रू.100/- की सहयोग राशि का सहयोग किया।

वर्ष 2014-15 मे निम्नलिखित व्यक्तियों को सहयोग राशि प्रदान की गई ।

1. श्री पी.वी.वी. किशोर चारी
   सुपुत्र स्व. पी. वेंकटेश्वरलु — रू. 24,600/-
2. श्रीमती टी.मरियम्मा
   पत्नी स्व. टी. जोसेफ — रू. 24,600/-
3. श्रीमती त्रेजम्मा
   माता स्व. सुनीता गोपु — रू. 24,500/-

वर्ष 2015-17 के कार्यकारिणी सदस्य निम्न है

1. सचिव	श्री नीलम कुसार
2. संयुक्त सचिव	श्रीमती सी. प्रवीणा, श्री आर.वी.रघु
3. सांस्कृतिक सचिव	श्रीमती बी.एस.वी. वरलक्ष्मी
4. क्रीड़ा सचिव	श्री. अशफाख अहमद
5.सहायक क्रीड़ा सचिव	श्री. वी.गोपाल राव
6.पुस्तकालयाध्यक्ष	श्री. सी.एच. रामलिंगम
7.सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	श्रीमती शैलबाला खंडूरी

कोषाध्यक्ष

श्री बी. रामकृष्णा

संगठनकर्ता सचिव

श्री. बी. सुरेश

ग्रुप 'सी'(पूर्व ग्रुप 'डी')

प्रतिनिधिगण

श्री सुवार्तय्या

श्री पी.सी.कोंडय्या

एम.टी.टी. प्रतिनिधि

श्री. सी.आर.सी.रेड्डी

श्री एम.यादी रेड्डी

लेखा परीक्षक

श्री. एम लक्ष्मण कुमार

आम सभा ने नयी कार्यकारिणी का हर्ष से स्वागत किया एवं करतल ध्वनि से उत्साहवर्धन किया ।

मनोरंजन क्लब के कार्यकारणी सदस्यों ने 26-06-15 को एक प्रीति-भोज आयोजित करने का निर्णय लिया और उसे अक्षरशः कार्यान्वित भी किया । सभी ने प्रीति - भोज का आनंद उठाया । प्रीति -भोज के आयोजन के लिए आम सभा ने कार्यकारिणी सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की ।

एक छोटे चाय के अन्तराल के पश्चात आम सभा में वर्ष 2015-17 के लिए चुनाव आयोजित किया गया । सचिव पद के लिए दो सदस्य आगे आए (i)   श्री. वी. सुरेश कुमार (ii) श्री नीलम कुमार, चुनाव अधिकारी श्री. के.के.गुप्ता ने लोगों से हाथ उठाकर वोट देने को कहा, इस प्रकार वोटों की गिनती में श्री नीलम कुमार को 80 वोट मिले और श्री. वी. सुरेश कुमार को मात्र 10 वोट । श्री नीलम कुमार को करतल ध्वनि के मध्य वर्ष 2015-17 के लिए मनोरंजन क्लब का सचिव घोषित किया गया । अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को आम सहमति से चुन लिया गया ।

अध्यक्ष महोदय ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और अपना संदेश प्रस्तुत किया । अपने संदेश में उन्होंने विजेताओं को बधाई दी एवं नयी कार्य कारिणी को शुभकामनाएँ दी ।जल-पान वितरण के पश्चात सचिव श्री डी. आर. एस. प्रसन्न कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम को विराम दिया गया ।

मनोरंजन क्लब द्वारा आयोजित किए गए खेल

कैरम	टेबुल टेनीस	शटल	वॉलि बाल	रस्साकशी	धीमी साइकिलिंग	संगीत युक्त कुर्सी दौड़-एक खेल	क्रिकेट	स्पीड वॉकिंग
पुरुष सिंगल्स महिला सिंगल्स मिक्सड डबल्स	पुरुष सिंगल्स पुरुष डबल्स	पुरुष सिंगल्स महिला सिंगल्स मिक्सड डबल्स	पुरुष	पुरुष	पुरुष	महिला	पुरुष	<40 & >40

वर्ष 201 4 -15 के दौरान केन्द्रीय मनोरंजन कलब स्पोर्टस से प्राप्त इस निदेशालय के प्रतिष्ठा एवं सम्मान

कैरम			
खेल	**प्रथम पुरस्कार**	**द्वितीय पुरस्कार**	
पुरुष सिंगल्स	बालाजी राठौड़	एन.शशी किरण	
महिला सिंगल्स	जी. शीला रानी	एस.के. मीना	
पुरुष डबल्स	पी. रविकांत एवं बालाजी राठौड़	डी. आर. एस. प्रसन्न कुमार एवं वयी. के. राकेश कुमार	
टेबुल टेनीस			
पुरुष सिंगल्स	डी. रवि बाबु	सय्यद इदरिस	
पुरुष डबल्स	डी. रवि बाबु एवं ओ. प्रवीण कुमार	एस.शंती भूषण राव एवं एस. जगन मोहन	
शटल			
पुरुष सिंगल्स	एन. अनिल कुमार	ओ. प्रवीण कुमार	
पुरुष डबल्स	एन. अनिल कुमार एवं एम. युसुब	बी. रागरत्नम एवं एन. एफ. वेदनायकम	
धीमी साइकिलिंग			
पुरुष	सय्यद इदरिस	अशफाख अहम्मद	
संगीत युक्त कुर्सी दौड़-एक खेल			
महिला	बी. वी. एस. वरलक्ष्मी	सी. प्रवीणा	
वॉलि बाल			
पुरुष	विजेता	प्रतियोगिता में द्वितीय	
	आर.के.फरासी अश्फाख अहम्मद डी.रवि बाबु एस. शांति भूषण राव वि. गोपाल राव एम. सुवार्तय्या पी.सी.कोंडय्या	एम. रोकश के. ओंकार स्वामी डी. राममोहन राव बी. नागरत्नम एन. शशि किरण ओ. प्रवीण कुमार एम. युसुब	

पुरुष	**विजेता क्रिकेट**	**विजेता रस्साकशी**	
	सय्यद इदरिस सय्यद मोज़म ओ. प्रवीण कुमार एम. युसुब वि. गोपाल राव सय्यद मोइजुद्दीन एम. मल्लेश रमेश बाबु विजय प्रभाकर एस.बाबु एस. रवि	एम. युसुब वी. सुरेश एम. सुवार्तय्या सी. गेड़म एम. विजय कुमार सय्यद मोइजूद्दीन रमेश बाबु सी. बाबु मिलिंद कुमार	
स्पीड वॉकिंग - 40 साल से कम आयु वालों के लिए			
पुरुष	एम. रमेश बाबु	सय्यद इदरिस	
स्पीड वॉकिंग - 40 साल से अधिक आयु वालों के लिए			
पुरुष	एम. विजय कुमार	एस. वी. चक्रधर राव	

<u>स्मृति - शेष</u>

<u>स्व.श्री पी. वेंकटेशवरलु, पटल चित्रक ग्रेड-II</u>

जन्म - तिथि	:	02-06-1960
विभाग में भर्ती होने की तिथि	:	01-01-1993
स्वर्गवास	:	17-10-2014
परिवार	:	इनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं।

<u>स्व. कुमारी वी. सुनिता गोपु, मानचित्रकार ग्रेड़ -II</u>

जन्म - तिथि	:	05-11-1972
विभाग में भर्ती होने की तिथि	:	26-06-1995
स्वर्गवास	:	21-12-2014

<u>स्व.श्री.टी.जोसेफ, खलासी</u>

जन्म - तिथि	:	19-04-1965
विभाग में भर्ती होने की तिथि	:	26-07-1993 01-03-1997 से नियमित भर्ती
स्वर्गवास	:	26-10-2014
परिवार	:	इनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं।

इनके आकस्मिक निधन पर आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आँकड़ा केन्द्र के कर्मचारियों को गहरा आघात पहुँचा और सभी ने इनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं इनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

उनके परिवारों की तत्काल सहायता के लिए पूरे आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आँकड़ा केन्द्र के परिवार ने क्रमशः रू.24600/- ,रू 24500 /- एवं रू.24600 /- का सहयोग दिया।

सेवा–पंजी का अंकीयकरण

(लेखा अनुभाग द्वारा)

आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र के सभी कर्मचारियों के सेवा-पंजियों का अंकीयकरण कर दिया गया। इस प्रक्रिया में प्रत्येक पृष्ठ अलग- अलग करके स्कैन किया गया। चार महीनों में पूरी सेवा-पंजियों का स्कैन कर, .pdf में प्रस्तुत किया गया। इस कार्य में, अनुभाग अधिकारी, पी. इमाम कासिम, अवर श्रेणी लिपिक एवं सी. अनिल कुमार, पटल चित्रक व ग्रुप 'डी' कर्मचारियों का बहुत बड़ा योगदान है।सेवा - पंजियों की अंकीय प्रति हर अधिकारी एवं कर्मचारियों को सी.डी में (.pdf में) बांटी जा चुकी है। इस प्रक्रिया से हर कर्मचारी संतुष्ठ है क्योंकि सेवा-पंजिका में उनके प्रमाण - पत्रों की प्रतियां, छुट्टियों का लेखा, पदोन्नति की तारीख आदि सारे विवरण मिलते हैं। इसके साथ- साथ, सेवा - निवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों की सेवा-पंजिका का भी स्कैन कर लिया गया हैं।

आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आँकड़ा केन्द्र के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे जिन्होंने शैक्षणिक निपुणता दिखाई है।

1. **कुमारी शेख अटछुकटला अलिफा बेगम**
   सुपुत्री एस. ए. रसूल, पटल चित्रक ग्रेड-II
   दसवीं कक्षा
   सी जी पी ए **10/10**
   मिनरवा पॅब्लिक स्कूल
   विशाखापट्टनम

सोचें और विचार करें

(मन्नु राम,अधिकारी सर्वेक्षक)

- विश्वास वह शक्ति है,
  जिससे अंधेरी दुनिया में भी प्रकाश किया जा सकता है।

- एक सफल व्यक्ति वह है,
  जो औरों द्वारा अपने ऊपर फेंके गए पत्थरों से
  एक मजबूत नींव बना सके।

- प्रतिभा महान कार्यों का आरंभ करती है।
  किंतु पूरा उनको परिश्रम ही करता है।

- चिन्ता करोगे,तो भटक जाओगे।
  चिन्तन करोगे, तो भटके हुए को राह दिखाओगे।

- दूसरों को सुनाने के लिए अपनी आवाज ऊँची मत करें,
  बल्कि अपना व्यक्तित्व इतना ऊँचा बनाएँ कि लोग स्वयं आपको सुनना चाहें।

- अपने अंदर अंहकार को निकाल कर स्वयं को हल्का कीजिए,
  क्योंकि ऊँचा वही उठता है जो हल्का होता है।

- संसार में कठिन कार्यों में एक है
  क्रोध पर विजय पा जाना।

आंध्र प्रदेश नूतन राजधानी “अमरावती” के निर्माण में भारतीय सर्वेक्षण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका

(के.वी.रमण मूर्ति,अधिकारी सर्वेक्षक)

भारतीय सर्वेक्षण विभाग अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि हासिल करने जा रहा है । वो है नूतन आंध्र प्रदेश राजधानी “अमरावती” के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका ।

जून 2, 2014 से आंध्र प्रदेश राज्य को भारत सरकार ने कुछ राजनैतिक कारणों से और सुपरिपालन के लिए दो राज्यों में बाँटा।

पुनर्विभाजन के पहले आन्ध्र प्रदेश राज्य में तीन प्रांतीय क्षेत्र है । उनका नाम है तेलंगाना क्षेत्र, बंगाल की खाड़ी के पास स्थित तटीय आन्ध्र प्रदेश क्षेत्र में 10 जिलों के समागमन को “तेलंगाना राज्य” के नाम से नामकरण किया गया और भारत का यह 29 वाँ राज्य हो गया । इस तेलंगाना राज्य में जिलों के नाम है आदिलाबाद, निजामाबाद, करीमनगर, वरंगल, मेदक, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेहबूबनगर, नलगोंडा एवं खम्मम।

तटीय आंध्रप्रदेश क्षेत्र के 9 जिले हैं- श्रीकाकुलम्, विजयनगरम्,विशाखापट्टनम,पूर्वगोदावरी, पश्चिम गोदावरी,कृष्णा, गुंटूर, ओंगोल प्रकाशम और रायलसीमा क्षेत्र के 4 जिले- चित्तूर, कड़पा,कर्नूल,अनंतपूर के समागमन को ‘आन्ध्र प्रदेश’ राज्य नाम से नामीकरण किया गया ।

तेलंगाना राज्य में राजधानी हैदराबाद स्थित है और भारत सरकार ने 10 साल तक या आंध्र प्रदेश की राजधानी नगर बनाने तक हैदराबाद शहर से आंध्र प्रदेश के राज्य सरकार को प्रशासन करने के लिए इजाजत दे दी है और साथ में आंध्र प्रदेश सरकार को यथाशीघ्र राजधानी निर्माण करने की भी सलाह दी ।

आंध्र प्रदेश सरकार को भी हैदराबाद से प्रशासन करने में कुछ कठिनाइयाँ हो रही है । इसलिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने शीघ्र एक आधुनिक राजधानी निर्माण करने का निर्णय लिया और इस महान लक्ष्य को हासिल करने के शीघ्र कार्रवाई आरंभ कर दी । प्रथम स्तर पर नूतन राजधानी निर्माण   के लिए भौगोलिक रूप से आंध्र प्रदेश राज्य के 13 जिलों के बीच विजयवाड़ा शहर के समीप में 225 वर्ग कि.मी. क्षेत्र को राजधानी नगर निर्माण के लिए चुना गया । यह प्रदेश विजयवाड़ा नगर के दक्षिण तट पर स्थित सुन्दर कृष्णा नदी का दूसरा तट जो नदी के दक्षिण भाग मे स्थित है और विजयवाड़ा, मंगलगिरी, गुंटूर, अमरावती शहरों के बीच में है । इस राजधनी क्षेत्र के पश्चिम भाग में अमरावती नगर है और इस स्थान का एक धार्मिक और ऐतिहासिक चरित्र है । यहाँ पर गौतम बुद्ध जी के प्रवचन देने और रहने के सबूत हैं और यहाँ काल चक्र में विभिन्न समयों पर चोला, पल्लव राजाओं ने इस अमरावती को राजधानी के रूप में उपयोग करने का इतिहास है । इसलिए नूतन आंध्र प्रदेश की नयी सरकार से नूतन में निर्मित होने वाली राजधानी को ‘अमरावती’ के नाम से नामीकरण किया है ।

नूतन राजधनी “अमरावती” के निर्माण के लिए हमारे भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा बने हुए नक्शे जो 1:25,000, 1:50000 के पैमाने पर थे उन्हें मास्टर प्लान/योजनाएँ बनाने के लिए प्रयोग किया गया। पूरे राजधानी नगर के सूक्ष्मीकरण प्रणाली एवं नगर निर्माण के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने 1:5000 पैमाने पर पूरे क्षेत्र का स्थलाकृतिक मानचित्र बनाने का निर्णय लिया और भारत सरकार की सहायता माँगी। भारत सरकार ने इस महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग को इस कार्य को सौंपा और हमारे विभाग के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग को इस कार्य को करने के लिए आदेश दिए गए।

इस कार्य को आंरभ करने के लिए कुछ कंट्रोल पाईंटों की आवश्यकता होती है । 2-डैमन्शनल कंट्रोल पाईंट बनाने के लिए जी.पी.एस (ग्लोबल पोजिषनिंग सिस्टम) पद्धति और समुद्र तल से ॐचाइयाँ प्राप्त करने के लिए डिजिटल लेवलिंग/तलेक्षण पद्धति अपनाने का निर्णय लिया गया।

मुझे गर्व से कहना है कि हमारे विभाग द्वारा महान कार्य के फील्ड़ कार्य का आरंभ करने के लिए एवं जी.पी.एस पद्धति द्वारा सर्वेक्षण करने के लिए शिविर अधिकारी बनाकर भेजा गया। हमारे शिविर में कुल 26 कर्मचारी/ अधिकारी थे। हमारे भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा राष्ट्र के विभिन्न प्रदेशों पर निर्मित जी. सी. पी. लाईब्रेरी के अंतर्गत दो कंट्रोल पाईंटों का उपयोग करके पहले स्तर पर 12 कंट्रोल पाईंट बनाए गए हैं। इन 12 कंट्रोल पाईटों का उपयोग करके पूरे 225 वर्ग कि.मी क्षेत्र में अन्य 310 रोवर स्टशनों पर प्रेक्षण किया गया। इस कार्य (जी.पी.एस) के लिए करीब दो सप्ताह का समय लगा था और उस क्षेत्र में करीब 40॰- 45॰ सेंटीग्रेड़ तापमान में रहते हुए बड़ी लगन और ईमानदारी से इस कार्य को संपूर्ण किया है।

दूसरे स्तर पर, इस राजधानी क्षेत्र में डिजिटल लेवलिंग /तलेक्षण कार्य अभी जारी है जिनमें 23 अधिकारी /कर्मचारी काम कर रहै हैं। इनमें विशाखापट्टनम विंग की दो महिलाएँ भी शामिल है। लेवलिंग कार्य संपूर्ण होने के बाद इन कंट्रोल पाईंटों की सहायता से सेटेलाइट इमेजरी से मानचित्रण की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी और आंध्र प्रदेश की नूतन राजधानी ‘अमरावती’ के स्थालाकृतिक मानचित्र बनाकर सरकार को सौंपे जाएँगे।

इस प्रकार हमारा भारतीय सर्वेक्षण विभाग आंध्र प्रदेश की नूतन राजधानी के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और मुझे आशा है कि भविष्य में भी हमारे भारतीय सर्वेक्षण विभाग राष्ट्र के निर्माण एवं प्रगति में हमेशा की तरह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और निभाता रहेगा।

अंत में मैं कहना चाहता हूँ कि जैसे ही एक एक बूँद पानी मिलाकर, एक महासागर बन जाता है, वैसे ही हम सभी लोग लगन मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे तो किसी भी बड़े कार्य को भी सफल रूप से पूर्ण कर सकते हैं। इसमें हमारा ज्ञान भी बढ़ेगा और हमारी भारतीय सर्वेक्षण विभाग और पूरे देश की प्रगति/ उन्नति होगी।

जय हिंद........जय भारतमाता.......... जय भारतीय सर्वेक्षण विभाग

सपनों का भारत

(शेक. मेहबूब पीरा,पटल चित्रक)

महात्मा गाँधी जी ने अपने सपनों के भारत के बारे में बताते हुए कहा था कि " मैं भारत की कामना करता हूँ जिसमें गरीब भी सोचते कि मैं एक आज़ाद भारतवासी हूँ । एक ऐसा भारत जिसमें अमीर- गरीब का कोई अंतर न हो । एक ऐसा भारत जिसमें सब एक समान रहें । एक ऐसा भारत जिसमें कोई अछूत नाम की चीज़ न हो, जिसमें स्त्री को पुरूष जैसे समान हक मिलें, ऐसा भारत जो दूसरे देशों से शांति निभाए, यही है मेरे सपनों का भारत ।

हम सब को इसी राह पर चलकर, इस सपने को साकार करना चाहिए । आज के अपने भारत को गाँधी जी के सपनों के भारत में बदलना चाहिए । यही हम सबका नैतिक कर्तव्य है ।

तो दोस्तों, चलो, हम सब ऐसे भारत का निर्माण करें ।

सच्ची लगन

(शेक. मेहबूब पीरा,पटल चित्रक)

जो मनुष्य अपने छोटे से छोटे काम में पूरा मन लगाता है, जो उस काम को पूरा करने में पूरी तरह सफल होता है । जिस आदमी का हर एक काम सफल है, उसका तो जीवन ही सफल है ।

जो मनुष्य अपने काम को छोटा कहकर छोड़ देता है, वह अपने आप को धोखा देता है । हर एक आदमी का काम ही बता देता है कि उसका चरित्र कैसा है । जो अपने काम को पूरे जोश से करता है वह जोशीला है । जो अपने काम को उत्साह से करता है वह उत्साही है । जो अपने काम को दुर्बलता से करता है वह दुर्बल है । दुर्वलता से काम करना पाप के बराबर है ।

नारी- तुम हो सबसे न्यारी

(शेक. मेहबूब पीरा,पटल चित्रक)

इतिहास के पन्नों में नारी के विभिन्न रूप अंकित है । प्राचीन काल से ही कवि और लेखक ने नारी को अपनी भावनाओं के माध्यम से आंका है । हमारी भारतीय संस्कृति के अनुसार हमारा देश पुरातन काल से ही पुरूष -प्रधान रहा है । नारी के अस्तित्व का महत्व नहीं के बराबर था ।

श्रीमती आशा रानी वोहरा ने अपने लेखों द्वारा स्त्री शिक्षा तथा समाज कल्याण और विशेष रूप में महिला कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । इस तरह नारी का स्तर डूबता उतरता आज की स्थिति तक आ पहुँचा है ।

प्राचीन काल में राजा – महाराजा के समय नारी को सिर्फ उपयोग की वस्तु समझा जाता था । उसे अधिकारों से वंचित रखा गया । समय बीतता गया और मध्यकाल में नारी को समाज का उपयोगी अंग समझा जाने लगा । राज- काज में उसे हाथ बंटाने का मौका मिला जिसका उदाहरण रज़िया बेगम है । आज नारी, हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है । अबला कहलाने वाली स्त्री आज पुरूषों को कई क्षेत्रों में पछाड़ते हुए आगे निकल रही है । नारी, परिवार और समाज का आधार है ।

सच्चा मित्र

(शेक. मेहबूब पीरा,पटल चित्रक)

एक सच्चा मित्र वह है जो आपके प्रति वफादार हो । कोई जो आपके अच्छे कार्यों में और बुरे वक्त में आपका सहारा बने । वह जो आपका साथ दे । वह जो हमारी मदद करे परन्तु हमसे कुछ उम्मीद ही न रखता हो । सच्चा दोस्त न केवल वफ़ादार बल्कि भरोसेमंद भी होता है । एक सच्चा मित्र हमें कभी निराश नहीं करता । उसके साथ आप बहुत आराम से रह सकते हो । उसे आप अपने गहनतम रहस्य भी बता सकते हो । एक सच्चा मित्र आपको हमेशा समझता है । उससे आप आज़ादी से बात कर सकते हो । वह आपको असली स्वभाव से प्यार करता है ।वह आपसे झूठ नहीं बोलता और आपसे कुछ छिपाता भी नहीं वह आपके दुःख में भी साथ देता है । वह हमें सलाह और मार्गदर्शन भी देता है ।

स्वच्छ भारत अभियान

(संकलित) हिन्दी अनुभाग

यह एक राष्ट्र व्यापी सफाई अभियान है जिसे स्वच्छ भारत की कल्पना की दृष्टि से भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया । इस अभियान को अधिकारिक तौर पर राजघाट नई दिल्ली में 2 अक्तूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145 जयंती पर प्रारंभ किया । भारत सरकार ने 2 अक्तूबर 2019 तक भारत को स्वच्छ भारत बनाने का उद्देश्य रखा है जो कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती होगी।

राष्ट्र - पिता महात्मा गांधी ने भारत को एक स्वच्छ भारत बनाने के सपने देखे उसको साकार करने में कठिन प्रयत्न किया । इस सपने को हकीकत में वदलने के लिए भारत सरकार ने इस अभियान को शुरू करने का फैसला लिया ।

भारत सरकार द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता और पर्यावरणीय स्वच्छता को लेकर इसके पहले कई सारे जागरूकता कार्यक्रम (जैसे पूर्ण स्वच्छता अभियान, निर्मल भारत अभियान आदि) प्रारंभ किए गए लेकिन इस तरह के अभियान अधिक प्रभावी साबित नहीं हुए ।इस अभियान का उद्देश्य है, लोगों को सफाई के प्रति जागरूक रखना, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई की व्यवस्था को अनुकूल बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना, स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों और पंचायती राज संस्थानों को निरंतर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना ,तरल कचरे को पुनः उपयोग करना, खुले में शौच की प्रवृत्ति को खत्म करना, अस्वस्थयकर शौचालयों को बहाने वाले शौचालयों में तब्दील करना, साफ-सफाई के संविधाओं के प्रति प्राइवेट क्षेत्रों की भागी दारी को सुगम बनाना आदि ।

इसका शुभारम्भ सरकारी कार्यालयों, स्कूल और कॉलेजों से किया गया जिसमें 30 लाख से भी बढ़कर कर्मचारियों, स्कूल, कॉलेज के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग हिस्सा लिया । शुभारंभ के दिन प्रधान मंत्री ने नौ हस्तियों के नामों की घोषणा की और उन्हें अपने क्षेत्र में सफाई अभियान को बढ़ाने और आम जनता को उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा ।इस मिशन में प्रधानमंत्री द्वारा नामित किए गए नौ सदस्य थे , सलमान खान, अनिल अंबानी, कमल हासन, कॉमेडियन कपिल शर्मा, प्रियंका चोपड़ा, बाबा रामदेव, सचिन तेंडुलकर, शशि थरूर और प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ की पूरी टीम । इन हस्तियों को अगले 9 लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा तथा ये श्रृंखला   तब तक चलेगी जब तक कि पूरे भारत में उसका यह संदेश न फैल जाए । इस अभियान के लिए प्रधानमंत्री द्वारा कई ब्रैंड एमबेस्डर्स का भी चुनाव किया गया था जिनको स्वच्छ भारत अभियान को अलग-अलग् क्षेत्रों में प्रारंभ और प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी थी । 8 नवंबर 2014 को उन्होंने कुछ और लोगों को इससे जोड़ा (मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, अखिलेश यादव, स्वामी रामभद्रचार्या , कैलाश खेर, राजू श्रीवास्तव, मनुशर्मा, देवी प्रसाद द्विवेदी और मनोज

तिवारी) और 25 दिसंबर 2014 को सौरव गांगुली, किरन बेदी, रामोजी राव, सोनल,मानसिंह और पद्मनाथ आचार्य आदि को स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनाया ।

कई दूसरे कार्यक्रम जैसे स्वच्छ भारत रन. स्वच्छ भारत ऐप्स, रियल टाईम मॉनिटरिंग सिस्टम, स्वच्छ भारत लघु फिल्म, स्वच्छ भारत नेपाल अभियान आदि इस मिशन के उद्देश्य को सक्रियता से समर्थन करने के लिए प्रारंभ और लागू किया गया । प्रधान - मंत्री ने आम जनता को इससे जुड़ने के लिए अनुरोध किया और कहा कि वे सफाई कर तस्वीर सोशियल मीडिया जैसे कि फेसबुक, टिव्टर व अन्य वेबसाइट पर डालें और अन्य लोगों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें जिससे इस तरह भारत एक स्वच्छ देश हो सकता है ।

शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सभी 1.04 करोड़ घरों को 2.06 लाख सार्वजनिक शौचालय 2.5 लाख सामुदायिक शौचालय उपलब्ध कराना है । सामुदायिक शौचालय के निर्माण की योजना रिहायशी इलाकों में की गई है जहाँ पर व्यक्तिगत घरेलू शौचालय की उपलब्धता मुश्किल है । शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम को पाँच वर्षों के अंदर 2019 तक पूरा करने की योजना है । इसमें ठोस कचरा प्रबंधन की लागत लगभग 7,366 करोड़ रूपए है, 1828 करोड़ जन सामान्य को जागरूक करने के लिए है, 655 करोड़ रूपए सामुदायिक शौचलायों के लिए, 4165 करोड़ निजी घरेलू शौचालयों के लिए आदि ।

ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने के लिए 1999 में भारतीय सरकार द्वारा इससे पहले निर्मल भारत अभियान (जिसका पूर्ण स्वच्छता अभियान भी कहा जाता है) की स्थापना की गई थी लेकिन अब इसका पुर्नगठन स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के रूप में किया गया है, इसके लिए सरकार ने 11 करोड़ 11 लाख शौचालयों के निर्माण के लिए एक लाख चौंतीस हजार करोड़ की राशि खर्च करने की योजना बनाई है । ध्यान देने योग्य है कि सरकार ने कचरे को जैविक खाद् और प्रयोग करने लायक ऊर्जा में परिवर्तित करने की पहल की है । इसमें पंचायत, जिला परिषद, और पंचायत समिति की अच्छी भागीदारी है ।

ये अभियान केन्द्र मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा चलाया गया और इसका उद्देश्य भी स्कूलों में स्वच्छता लाना है । इस कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर से 31 अक्तूबर 2014 तक केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय संगठन जहाँ कई सारे स्वच्छता क्रिया-कलाप आयोजित किए गए विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा, इससे संबंधित महात्मा गांधी की शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य विज्ञान के विषय पर चर्चा, स्वच्छता क्रिया – कलाप (कक्षा में, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, मैदान, बगीचा, किचन शेड दुकान, खान पान की जगह इत्यादि) । स्कूल क्षेत्र में सफाई, महान व्यक्तियों के योगदान पर भाषण, निबंध प्रतियोगिता, कला, फिल्म, चार्च, चित्रकारी, तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता पर नाटक मंचन आदि । इसके

अतिरिक्त सप्ताह में दो बार साफ-सफाई अभियान चलाया जाना जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी और माता – पिता सभी भाग लेंगे ।

इस तरह से हम कह सकते हैं कि 2019 तक भारत को स्वच्छ और हरा - भरा बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान एक स्वागत योग्य कदम है ।

आंध्र प्रदेश भू स्थानिक आंकड़ा केन्द्र , हैदराबाद में   स्वच्छ भारत अभियान शुरु किया गया । अभियान को शुरू करने से पहले स्वच्छता की शपथ दिलाई । इसमें कहा गया, “ मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा । मैं शपथ लेता हूँ कि हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान कर स्वच्छता के लिए काम करूंगा । मैं ना गंदगी करूंगा, ना किसी और को करने दूंगा । मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा । मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य सौ लोगों से भी करवाऊंगा । मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा”।

शपथ लेने के पश्चात साफ - सफाई करने हेतु सभी स्कन्ध के प्रभारियों को अलग- अलग से स्थल चिन्हित किए गए जिसके अनुसार प्रभागाध्यक्ष अपनी टीम के साथ उस जगह को साफ करने में व्यस्त हो गए । कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने इसमें अभियान में मिल कर काम किया जिसके कारण पूरे वातावरण में उत्साह भरा रहा ।

यह सिलसिला आगे भी चलता रहा । सप्ताह के प्रति शुक्रवार अपराह्न 3.00 बजे से दो घंटे तक यह कार्यक्रम हमारे कार्यालय में सक्रिय है ।

रोगों का आमंत्रण है अप्राकृतिक भोजन

(डॉ. नीलम कुमार बिड़ला,अभिलेखपाल)

तेजी से बदलते इस सामाजिक परिवेश में फास्ट फूड का प्रचलन बढ़ने लगा है। स्वाद एवं समय की बचत के कारण यह भागती – दौड़ती जिंदगी का अनिवार्य अंग बन चुका है। परन्तु इसके तात्कालिक आकर्षण के पीछे कुछ खतरनाक पहलू भी हैं। इसी कारण फास्ट फूड के आदी होते जा रहे लोगों में कई प्रकार के रोग पनपने लगे हैं। चाऊमीन, मेगी, पित्ज़ा, बर्गर, पैटीज़, डिब्बा बंद भोजन एवं पेय पदार्थ को सामान्यतः फास्ट फूड की संज्ञा दी गई है। इनके कारण ही चावल, दाल, सब्ज़ी, रोटी जैसी खाने की सारी परम्परा, पुरानी एवं बीते युग की बात हो चुकी है। ग्लोबलाइज़ेशन एवं उदारीकरण के प्रभाव से प्रभावित भारतीय जन मानस की खान - पान की संस्कृति बदल गई है। अब फास्ट- फूड उनका स्टेटस सिंबल बन चुका है। समाज के तथाकथित उच्च एवं अभिजात्य वर्ग में यह सम्मानपूर्वक प्रतिष्ठित हो गया है, जिसका अंधानुकरण करने में समाज के अन्य वर्ग भी अपने आपको गौरान्वित अनुभव करते हैं। परिणामतः आज हमारे देश के हर बड़े होटल से लेकर ढाबे एवं छोटे- छोटे स्थानों पर इसका भरपूर प्रचलन चल पड़ा है।

इन दिनों फाइव स्टार होटलों के खाने की नकल प्रतिष्ठा एवं फैशन की बात- बन गई है। इसी बजह से फास्ट फूड हमारी संस्कृति में समाहित होता जा रहा है। यह आधुनिक भोजन स्वाद में भले ही अच्छे क्यों न हो परंतु इसके लंबे समय तक सेवन करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इनको सुंदर स्वादिष्ट एवं आकर्षित बनाने के लिए जिन तरीकों का प्रयोग किया जाता है वो के भी कम घातक नहीं हैं।ये फास्ट फूड दो प्रकार के हाते हैं शाकाहारी एवं मांसाहारी इन दिनों फास्ट फूड को स्वादिष्ट बनाने के लिए मांसाहारी चीज़ों की पर्याप्त मिलावटें होने लगी हैं। इससे इसका स्वाद बदल जाता है और बिक्री बढ़ जाती है। आजकल मिठाइयों एवं अन्य खाध पदार्थों में आंडे की मिलाबट आम हो गई है। सैंडविच, पराठों, कुल्चा, ब्रेड, केक आदि शुद्ध शाकाहारी भोजन माने जाने वाले भोज्य पदार्थ भी इससे अछूते नहीं है।यहाँ तक की चाय जैसे पेय पदार्थ को जायकेदार बनाने के लिए मांस के वर्क मिलाए जाने की खबर भी बीते दिनों काफी प्रचलित रही। ऐसे भोजन शाकाहारी प्रकृति के लिए अत्यन्त प्रतिकूल हैं और उनकी नैतिक, धार्मिक मान्यताओं के विरूद्ध है।

फास्ट फूड के क्षेत्र में जैव टैकनोलॉजी का जेनेटिक फूड्स का भी प्रचलन बढ़ने लगा है। इसके अंतर्गत शाक, सब्जी, फल, जीव- जन्तु आदि के ज़ीन को एक दूसरे में मिलाकर जीन- नियंत्रण खाद्य- वस्तुओं का निर्माण किया जाता है। इसके द्वारा खाद्य-पदार्थों को लंबे समय तक सुरक्षित एवं संरक्षित किया जाता है तथा विश्व के विभिन्न देशो में भेजा जाता है। जेनेटिक फूड्स के रूप में दूध पाउडर, आलू- चिप्स, बेबी फूड्स आदि अपने देश के बाजार में भारी मात्रा में मिलने लगे हैं।

अमेरिका में उत्पन्न सोयाबीन का 50% और मक्का का 25% जेनेटिक संरक्षित है । जेनेटिक फूड्स का उत्पादन इन दिनों प्रचुर मात्रा में हो रहा है परंतु यह कुछ समय के लिए लाभदायक होने के बावजूद कई प्रकार के रोगों को जन्म देने वाला है । अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ग्रीन पीस के अनुसार इस प्रकार के खाद्य- पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं ।

इसमें जेनेटिक संक्रमण का भय जगा रहता है । संभवतः इसी कारण फ्रांस जैसे यूरोपीय देशों ने इन फूड्स पर प्रतिबंध लगा दिया है ।

अपने देश में पेय पदार्थों का भी एक बड़ा उद्योग है । ये पदार्थ अनेक ट्रेड नामों से बिकते हैं ।   एक सर्वेक्षण के अनुसार अपने देश में लगभग पाँच से सात हजार प्रकार के बोतल बंद ठंडे पेय एवं शरबत आदि का प्रयोग होता है । कोकाकोला, पेप्सी, लिम्का, मिरंडा, फेंटा आदि ट्रेड ब्राँड के पेय तो प्यास बुझाने के लिए स्टेटस सिंबल के रूप में अधिक बिकते हैं । चिकित्सा शास्त्रियों के अनुसार इसके अधिक सेवन तो पेट के रोग के बढ़ने की संभावनाएँ बढ़ जाती है ।इसके अलावा सॉस, अचार, मुरब्बे,रबड़ी, कुल्फी, रसगुल्ला आदि खाद्य पदार्थ के रेडीमेड़ मसाले भी बिक रहे हैं जिनसे चर्म रोग एवं एलर्जी की शिकायत मिलते लगी है ।

इंटर नेशनल फाउण्डेशन ऑफ नैचुरल हैल्थ एवं योग के डाक्टर एन.एस. अधिकारी ने फास्ट फूड को अप्राकृतिक आहार का रूप माना है । उनके अनुसार इसमें आवश्यक पोषक तत्वों का अभाव होता है । इसके बावजूद इसके प्रचार-प्रसार को देखकर हर व्यक्ति आज भ्रमित हो रहा है, उसे इस चकाचौंध में यह पता नहीं चल पाता कि स्वाद के नाम पर जिस सामग्री को ग्रहण कर रहा है वह कितनी स्वास्थ्यप्रद है । संभवतः इतनी मानसिकता कर लाभ उठाकर यह उद्योग काफी फल-फूल का लाभ प्रोडक्टूस आर्डर नामक एक सरकारी संस्था ने एक विज्ञाप्ति जारी कर उल्लेख किया है कि हर एक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के लिए अनुकूल आहार ग्रहण करना चाहिए, स्वाद के नाम पर नहीं ।

प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य- संस्थानों ने ऐसे अप्राकृतिक भोजन से परहेज रखने पर बल दिया है । इनका कहना है कि फास्ट-फूड थोड़े आकर्षक होते हैं और स्वादिष्ट भी लेकिन ताजा न होने के कारण इनमें विटामिन और कैलोरी की गुणत्ता नष्ट हो जाती है । वसा प्रधान फास्ट –फूड से मोटे लोगों में काफी वृद्धि पायी गयी है । इसे हृदय रोग के साथ अन्य कई बीमारियों को जन्म देने वाला माना गया है । इसलिए अच्छा यही है कि उत्तम शारीरिक स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार ग्रहण किया जाए ।

अतः हममें से प्रत्येक को फास्ट-फूड जैसी पाश्चात्य शैली की सर्वनाशी अनुकरण पद्धति से बचना चाहिए और प्राकृतिक आहार को अपनाकर सदा निरोगी एवं स्वस्थ बने रहना चाहिए ।

अच्छी आदत

(सी.एन.गेडाम,अधिकारी सर्वेक्षक)

एक बार एक मित्र ने पूछा कोई ऐसा उपाय बताओ जिससे जीवन में वृद्धि हो सके। दूसरे मित्र ने कहा जीवन बेहतर करने के लिए करना कुछ नहीं, बस झूठ बोलना, चोरी करना और जो भी मिले उसे धोखा देना। यह सब सरासर गलत व अनैतिक है ।

फिर सही क्या है और गलत क्या ? आज के पहले किसी को पता था ? सब लोग जानते हैं कि अच्छा क्या है और बुरा क्या है । हम सब अच्छा बनना चाहते हैं उसके लिए अच्छी किताबें पढ़ते हैं, धर्म और निजी विषयक ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। किसी को गुरू बनाते हैं। संयम करना, दीक्षा लेना ये सब करते हैं।

इन सबको हमें छोड़ना होगा। अच्छी बातों के बारे में जानने के बजाए अच्छी बातें करनी होगी और बुरी बातों की तरह अच्छी आदतें डालनी होंगी। बुरी बातों की तरह अच्छी बातों की भी सीमा नहीं होती।

सच बोलना है तो सच को जीवन में उतार लीजिए। झूठ नहीं बोलेंगे ,बेईमानी नहीं करेंगे, तब दूसरों को धोखा देना संभव नहीं होगा। बहानेबाजी की जरूरत भी नहीं रहेगी। एक आदत दूसरी सभी अच्छी आदतों का और बुरी आदत अन्य बुरी आदतों का विकास करती है । सही आदत से सही जीवन का विकास होता है जीवन की गुणवत्ता में सुधार आ जाता है।

मेरा भारत महान

(पि. चिन्ना कोन्डैय्या,खलासी)

अंग्रेजों की नीति थी Divide & Rule फूट डालो और राज करो। अब अंग्रेज तो चले गए, लेकिन उनकी नीति को हमारे देश के नेताओं ने अपना लिया है और उस पर अमल करते हुए देश को 29 राज्यों में विभाजित कर डाला। बहुत खून- खराबा भी हुआ परंतु इसमें न किसी आम आदमी और न किसी विशेष राज्य का भला हुआ। नेताओं ने भाई – भाई को आपस में लड़ाया, जो कल तक एक दूसरे के मित्र थे अब शत्रु हो गए हैं। आम आदमी आखिर कब समझेगा इन नेताओं की राजनीति। अगर वह समझ जाएगा तभी बनेगा सच्चा भारत, सही भारत, न रूकावट रहेगी, न कभी होगी हार। प्रत्येक क्षेत्र में भारत की विजय होगी, बनेगा मेरा भारत महान ।

बार कोड वाले पी.वी. सी पहचान-पत्रों की तैयारी

(आर.वी. रघु,सहायक सर्वेक्षक)

1. भारत के महासर्वेक्षक के सितम्बर 2014 के पत्रानुसार बार कोड वाले पी.वी.सी पहचान पत्रों की तैयारी के लिए कर्मचारियों के आकंड़े संग्रहित करने हेतु श्री के.के.गुप्ता, अधीक्षक सर्वेक्षक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एक समिति का गठन किया गया था।

(क) समिति का दायित्व , नोडल अधिकारी, पहचान- पत्र कोष्ट, टी. एन. पी एवं ए.एन.आई. जी.डी.सी चेन्नई से प्राप्त निर्धारित प्रारूप पर आंकड़े संग्रहित करना था।

(ख) समिति ने डी.ए.डब्ल्यू, विशाखापट्टनम समेत सभी स्कंधों/ अनुभागों को निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्राप्त करते हेतु आदेश जारी किए।

(ग) आंकड़ों की समाप्ति तक, समय-समय पर स्पष्टीकरण आदि के मामले में समिति के अध्यक्ष, नोडल आधिकारी टी. एन. पी एवं ए.एन.आई. जी.डी.सी के साथ संपर्क में रहे।

2. बार कोड वाले पी.वी.सी पहचान पत्रों की तैयारी हेतु कर्मचारियों के आंकड़ों का संग्रहण।

(क) इस जी.डी.सी को दिए गए निर्धारित प्रारूप में स्टाफ के प्रत्येक व्यक्ति से आवश्यक आंकड़े संग्रहित करके एम.एस.एक्सैल फाइल में दर्ज किए गए।

कर्मचारियों से निम्नलिखित क्षेत्रों की सूचनाएं संग्रहित की गई।

1. नाम
2.पदनाम
3. कार्यालय का नाम
4. कार्यालय का पता
5. दूरभाष संख्या एस टी डी कोड सहित (कार्यालय)
6. जन्म तिथि
7. पहचान चिह्न
8. रक्त समूह
9. मोबाइल संख्या
10. रिहायशी पता (स्थानीय)

उपरोक्त आंकड़ो के अतिरिक्त प्रत्येक कर्मचारी के छाया चित्र जे पी जी फॉर्मेट में निर्धारित आकार एवं रेजोलुशन के अनुसार परिसर के भीतर लिए गए। जारीकर्ता अधिकारी एवं कर्मचारियों के हस्ताक्षरों को जी पी जी फॉर्मेट में स्कैन करके कंप्यूटर में रखा गया।

3. आई सी एम एस (आइडेंटिटी कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम) के लिए एक ऑफ लाइन एच.टी. एम. एल प्रोग्राम एवं आंकड़े दर्ज करने हेतु भारतीय सर्वेक्षण विभाग के लिए एन. आई सी. चेन्नई द्वारा बनाई गई एस.ओ.पी. नोडल अधिकारी, टी. एन. पी एवं ए.एन.आई. जी.डी.सी से प्राप्त हुई। उपरोक्त एच.टी. एम. एल फाइल खोलने के लिए मोज़िल्ला फायर फौक्स ब्राउजर (33.0 और अधिक का वर्शन) का उपयोग किया गया।

इस जी डी सी के कर्मचारियों के पूरे आँकड़ें उपरोक्त एच टी एम एल फाइल में दर्ज करके और टी एक्स टी फॉर्मेट में भेज दिया गया। एक्सपोर्टेट टी एक्स टी फाइल इस जी डी सी में कार्यरत कर्मचारियों की सूची के साथ नोडल अधिकारी टी. एन. पी एवं ए.एन.आई. जी.डी.सी को पहचान पत्रों की तैयारी के लिए ई-मेल द्वारा प्रस्तुत की गई।

भारत के मजबूत कूटनीतिक संबंध और भौगोलिक प्रभाव

(एम.राकेश,अधिकारी सर्वेक्षक)

भारत स्वतन्त्रता के 69 साल के बाद भी अपने कूटनीतिक संबंध पूरी तरह से मजबूत कर नहीं पाया है । परन्तु 2014 में नई सरकार बनने के उपरान्त जमीनी हालात में काफी सुधार दिखाई पड़ता है । हमारे प्रधान- मंत्री का पहला विदेशी पर्यटन भूटान से प्रारम्भ हुआ । हलांकि भूटान एक छोटा देश होते हुए भी कूटनीतिक दृष्टि से भारत का एक अहम साझीदार है । नई सरकार पहले अपने पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध बनाना चाहती है । अब तक हमारी इस विफलता से ही चीन फायदा उठाता आ रहा है । चीन भारत को घेरने के उद्देश्य से पाकिस्तान आक्रमित कश्मीर, म्यांमार, बंगलादेश और श्रीलंका आदि देशों में अपने रक्षा अड्डे बनाने में लगा हुआ है ।

इस उपरोक्त संदर्भ में भारत सरकार न केवल पड़ोसी देश बल्कि सभी एशिया - खंड के देशों से कूटनीतिक संबंध मजबूत करने में पूर्ण रूप से निमग्न हुआ है बल्कि हमने बंगलादेश से कई वर्षों से चलती आ रही सीमा विवाद को भी सुलझाया । भूटान, श्रीलंका, म्यांमार, अफगानिस्तान, मालदीव्स, मंगोलिया, रूस, कजकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उजबेकिस्तान, आदि देशों से अच्छे संबंध बनाने हेतु कई ठोस कदम उठाए । व्यापार, रक्षा, शिक्षा, विज्ञान क्षेत्रों में भी आदान प्रदान के कई क्षेत्रों पर हस्ताक्षर किए ।

आज कूटनीतिक क्षेत्र में भारत शक्तिशाली देशों से भी काफी आगे बड़ चुका है । अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जापान, कोरिया, आस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे विकासशील देश भारत से संबंध को बढाने में रूचि दिखा रहे है । भारत में पिछले एक साल में विदेशी पूंजी 48% बढ़ी है । इससे यह प्रतीत होता है कि दुनिया का कोई देश अब भारत से अछूता नहीं रह सकता ।21 वीं सदी भारत की सदी होगी इसमें कोई दो राय नहीं है । आज कई देश भारत की UN में सदस्यता के विषय में अपना समर्थन जता चुके हैं । अब वह दिन दूर नहीं जब भारत UN का छठा स्थायी सदस्य बन जाएगा ।

भारत अपनी कुशल कूटनीति से अपनी प्रगति के मार्ग को सक्षम बना सकता है । आज हम पूरी दुनिया को आतंकवाद की समस्या पर एकजुट होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । विश्व शान्ति कायम करना आज हमारा सबसे बड़ा नारा है । आंतकवाद पीड़ित देश ही नहीं बल्कि सारा विश्व आज इस भयानक समस्या का हल ढूढंने में लगा हुआ है । इस सदंर्भ में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और भारत विश्व को सही रास्ता दिखाने में कोई कमी होने नहीं देगा और अपनी सटीक नीतियों से विश्व - गुरू बनेगा । यही माँ भारती को हमारा सबसे बड़ा समर्पण होगा ।

गज़ल

(डॉ. नीलम कुमार बिड़ला,अभिलेखपाल)

I

सोच लिया कि हमने मंज़िल पा ली है,
खुश रहने की ये तरकीब निकाली है ।
गए दौर में जिसकी पूजा होती थी
वही शराफत नए दौर में गाली है ।
पीछा मेरा कोई बराबर करता है
दूर तलक यूँ सारा रस्ता खाली है ।
किसके हाथ रंगे हैं ,फूलों के खून से
दूर से आवाज ये आई, वो बागों का माली है ।
हरदम क्यों उखड़े- उखड़े से रहते हो
आदत **'नीलम** 'तुमने ये कैसी डाली है ।

II

हँस रहे हो आज जिनका अशियाना देखकर
कल जलोगे तुम उन्हीं का चहचहाना देखकर ।
ये तेरी नीयत पे है, आज़ाद रख या कैद कर
पंछी तो आएँगे नित-दिन, आबो-दाना देखकर ।
रंज है हमको भी अपने इश्क के हासिल पे यूँ,
हो दुखी मजदूर जैसे मेहनताना देखकर
यूँ तो अच्छी बात है दरियादिली भी दोस्तों
लेकिन चलना चाहिए हमको जमाना देखकर ।
दोस्ताना देखकर **'नीलम** ' शहर में आए थे
इस शहर से जा रहे हैं दोस्ताना देखकर ।